# खबर संक्षेप

## जिला बदर का आरोपी अवैध नशीली कफ सिरप के साथ गिरफ्तार

**सतना।** सिटी कोतवाली पुलिस ने 'ऑपरेशन प्रहार 2.0' के तहत एक बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला बदर के आरोपी अभिषेक जैसवाल उर्फ कल्लू को अवैध नशीली कफ सिरप बेचते हुए गिरफ्तार किया है। मुखबिर से सूचना मिली कि जिला बदर का आरोपी अभिषेक जैसवाल उर्फ कल्लू,निवासी बजरहा टोला,झूलेलाल मंदिर के पास सफेद रंग की बिना नंबर की स्कूटी की डिग्गी में नशीली कफ सिरप लेकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर कोतवाली पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा।स्कूटी की डिग्गी की तलाशी लेने पर उसके अंदर विग्सं कंपनी की 15 नग अवैध नशीली कफ सिरप मिली।आरोपी कोई वैध दस्तावेज़ पेश नहीं कर सका।15 नग अवैध कफ सिरप और बिना नंबर की स्कूटी सहित कुल कीमती 31,000 आंकी गई है। आरोपी के विरुद्ध धारा 8/21, 22 एनडीपीएस एक्ट, 5/13 ड्रग कंट्रोल एक्ट व 14 म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत कार्रवाई की गई। आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया,जहाँ से उसे जेल में निरुद्ध किया गया है। इस कार्रवाई में सउनि दशरथ सिंह,सउनि हेमराज सिंह,प्रआर राहुल सिंह,सतेन्द्र सिंह,मनोज कुमार,चंद्रकिशोर यादव,आर अजीत सिंह,रमाकांत शर्मा,सुभाष पटेल और लवकुश द्विवेदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मेडिकल नशा मुक्त होगा मैहर जिलाः एसपी



**मैहर।** मैहर जिले के पुलिस विभाग के मुखिया,पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने मीडिया से मुखातिब होते हुए मैहर जिले को मेडिकल नशा मुक्त करने का बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि रीवा जोन के पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत जिस उम्दा सोच के साथ ऑपरेशन प्रहार 2 की शुरुआत की है,वह किसी यज्ञ से कम नहीं है। एसपी अवधेश प्रताप सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि यदि मेडिकल नशे को समय रहते नहीं रोका गया,तो समाज में विकृतियां उत्पन्न होंगी और समाज पतन की ओर अग्रसर होगा। उन्होंने संभ्रांत समाज की परिकल्पना को साकार करने के लिए समाज को जागरूक होने और इस नशे का अंत करने की अपील की। उन्होंने नागरिकों से पुलिस के साथ विश्वास की कड़ी को मजबूत कर,नशे के कारोबारियों की गुप्त जानकारी पुलिस को देने का आग्रह किया,ताकि इनकी कमर हमेशा के लिए तोड़ी जा सके। उन्होंने बताया कि आईजी साहब के निर्देशानुसार मैहर जिले का पूरा पुलिस महकमा गांव-गांव से नशे को समूल नष्ट करने की कार्ययोजना तय कर अंजाम तक पहुंचाने का कार्य शुरू कर दिया है। उन्होंने नागरिकों से इस नेक कार्य में सहयोग कर पूर्णाहुति देने की अपील की है।

## 'वन्दे मातरम' के 150 वर्षः भाजपा मनाएगी 'गौरव यात्रा'



**सतना।** 'वन्दे मातरम' गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी,सतना ने जिला कार्यालय में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय ने इस गीत को भारत की आत्मा का स्वर बताते हुए कहा कि यह हमारी राष्ट्रीय चेतना और स्वतंत्रता संग्राम की मुख्य प्रेरणा रहा है। उन्होंने घोषणा की कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने के संकल्प के साथ,भाजपा संगठन वन्दे मातरम 150 वर्ष गौरव यात्रा का आयोजन करेगा। यह यात्रा 7 नवंबर से 26 नवंबर (संविधान दिवस) तक जिले भर में चलेगी। इस दौरान विद्यालयों और महाविद्यालयों में वन्दे मातरमम के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे। साथ ही,निबंध,चित्रकला और गायन प्रतियोगिताएँ भी आयोजित होंगी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज की पीढ़ी को इस गीत के भावार्थ से जोड़ना हमारा दायित्व है,क्योंकि इसने भारत की एकता को सशक्त किया है। इस अवसर पर कई प्रमुख भाजपा नेता उपस्थित रहे।

## अवैध पेट्रोल-डीजल विक्रेता पर अमदरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**मैहर।** पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. चंचल नागर एवं नगर पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए थाना प्रभारी अमदरा एवं उनकी टीम ने अवैध पेट्रोल-डीजल की बिक्री करने वाले आरोपी पर कड़ी कार्यवाही की है।

# इंस्टाग्राम पर देशी कट्टा दिखाकर दहशत फैलाने वाला नाबालिग पकड़ा गया

पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनुभाग चित्रकूट के मार्गदर्शन में थाना धारकुण्डी पुलिस ने एक नाबालिक को अवैध हथियार के साथ पकड़ा है।



**सतना।**

पुलिस सूत्रों ने बताया कि इंस्टाग्राम पर वायरल फोटो और वीडियो से सूचना मिली कि एक नाबालिक 12 बोर का देशी कट्टा दिखाकर लोगों को डरा-धमका रहा है और इंस्टाग्राम पर फोटो/वीडियो अपलोड कर दहशत फैला रहा है। थाना धारकुण्डी पुलिस ने ग्राम झखौरा के 16 वर्षीय नाबालिक अपचारी बालक को अभिरक्षा में लिया। उसके कब्जे से एक नग 12 बोर का देशी कट्टा और 01 जिंदा कारतूस ज़ब्त किया गया,जिसकी अनुमानित कीमत 7,000 है। अपचारी बालक और उसे कट्टा उपलब्ध कराने वाले आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### आगे की कार्रवाई

अपचारी बालक को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया,जहाँ से उसे बाल सुधार गृह रीवा भेज दिया गया है। कट्टा उपलब्ध कराने वाले मुख्य आरोपी की तलाश जारी है। उपनिरीक्षक शैलेन्द्र पटेल (थाना प्रभारी),अजीत सिंह,सउनि सुरेन्द्र कुमार,आर.सुदेश मिश्रा की सराहनीय भूमिका रही।

### इंस्टाग्राम पर नकली पिस्टल से डराने वाला गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देश पर थाना धारकुण्डी पुलिस ने सोशल मीडिया पर नकली हथियार से दहशत फैलाने वाले एक और अपचारी बालक के विरुद्ध कार्रवाई की है। इंस्टाग्राम पर वायरल फोटो/वीडियो के आधार पर पुलिस को सूचना मिली। ग्राम सेलौरा का एक 17 वर्षीय नाबालिक अपचारी बालक नकली पिस्टल (लाईटर) दिखाकर लोगों को डरा-धमका रहा था और इंस्टाग्राम पर फोटो/वीडियो अपलोड कर रहा था। पुलिस ने अपचारी बालक के कब्जे से एक अदद नकली पिस्टल (लाईटर) ज़ब्त की,जिसकी कीमत लगभग 1,500 है। अपचारी बालक के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। अपचारी बालक को अभिरक्षा में लेकर किशोर न्याय बोर्ड सतना के समक्ष पेश किया गया,जहाँ से उसे बाल सुधार गृह रीवा भेज दिया गया है।





# 'भारत गोल्फ महोत्सव' का भव्य आयोजन 8 और 9 को, शामिल होंगे फिल्म स्टार रणदीप हुड्डा

**जबलपुर।** दोस्तों, मैं आ रहा हूँ... आपके अपने शहर, संस्कारधानी जबलपुर में... जबलपुर, जो सिर्फ़ संस्कृति और शौर्य का प्रतीक ही नहीं, बल्कि पर्यटन के लिए भी बेहद सुंदर है। दोस्तों, आपको यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि, गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 'भारत गोल्फ महोत्सव' का एक भव्य आयोजन किया जा रहा है... यह केवल गोल्फ इवेंट नहीं है, बल्की सितंबर, 2025 से जनवरी, 2026 तक भारत के विभिन शहरों में चलने वाली एक गौरव यात्रा है जिसमे गोल्फ फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडिया के प्रमुख उद्देशों जैसे वृक्षारोपण, में इन इंडिया का प्रमोशन एवं स्वस्थ जागरूकता आदि से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर शुरू हुए महोत्सव का भव्य समापन 12 जनवरी 2026, स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर होगा।8 और 9 नवम्बर को, शौर्य और संस्कृति की धरा जबलपुर के आर्मी क्षेत्र में, यह गौरवमय कार्यक्रम होने जा रहा है... देश के वीर जवानों के बीच। सम्मान, संस्कृति और संकल्प इस कार्यक्रम में वीर माताओं और वीर नारियों का हृदय से सम्मान होगा। यहाँ, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, पर्यावरण को बचाने की दिशा में एक प्रयास होगा, हजारों की संख्या में प्लांटेशन और मैरोथन (दौड़) का आयोजन होगा। आइए, वीर सैनिकों के सम्मान में इस कार्यक्रम में भाग ले, पेड़ लगाकर अपना योगदान दे। मैं इस भव्य आयोजन के लिए... लेफ्टिनेंट जनरल पद्म सिंह शेखावत जी (जिन्हें परम विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया गया है) आर्यवीर जी (जो इस फेडरेशन के फाउंडर हैं ) और देश के सभी वीर जवानों को मैं नतमस्तक होकर अपना आभार व्यक्त करता हूँ! जय हिंद, जय भारत, जय हिंद की सेना। मिलते हैं जबलपुर में, भारत के वीर जवानों से ।

**नमस्कार संस्कारधानी, मैं हूँ आपका अपना, रणदीप हुड्डा...**

# श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया श्री गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व

### खुशियों का इज़हार करने के लिए शानदार आतिशबाजी की गई





**सतना।**

सिख धर्म के संस्थापक और पहले गुरु श्री गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व कार्तिक मास की पूर्णिमा को बुधवार के दिन,अपार श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव को इतिहास के सबसे प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरुओं में से एक माना जाता है। समानता,प्रेम,विनम्रता और निस्वार्थ सेवा पर जोर देने वाली गुरु नानक जी की शिक्षाएं दुनिया भर के करोड़ों लोगों को प्रेरित करती हैं।

**गुरुद्वारा नानक दरबार में विशेष दीवान का आयोजन-** इस पावन अवसर पर,स्थानीय सिटी कोतवाली के पीछे स्थित गुरुद्वारा नानक दरबार में विशेष दीवान सजाया गया। गुरुद्वारा भवन को रंग-बिरंगी विद्युत लड़ियों और तोरण पताकाओं से बेहद खूबसूरती से सजाया गया था। गुरुनानक देव के अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ का आयोजन किया गया। ग्रंथियों के जत्थे द्वारा मधुर शबद कीर्तन से संगत को निहाल किया गया। इसके पश्चात स्त्री सत्संग जत्थे का कार्यक्रम और गुरु के लिए अरदास की गई।

**लंगर और शुभकामनाएँ-** इस अवसर पर गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया,जिसे बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया। गुरु नानक देव एक महान संत,विचारक और समाज सुधारक थे,जिन्होंने मानवता के लिए समानता,प्रेम और सेवा का संदेश दिया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष लजपाल सिंह भाटिया और उपाध्यक्ष कमलजीत सिंह सेठी ने सभी सिख-भाई-बहनों को प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं दीं और गुरु जी की शिक्षाओं को आत्मसात करने का आग्रह किया। गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी गुरुनानक दरबार में रात में विविध आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा और प्रकाश पर्व के अवसर पर खुशियों का इज़हार करने के लिए शानदार आतिशबाजी की गई।



# ग्राम पंचायत मनटोलवा में सरपंच एवं सचिव पर पेवर ब्लॉक के नाम पर भ्रष्टाचार का आरोप



**मैहर।**

ग्राम पंचायत मनटोलवा,जनपद पंचायत क्षेत्र मैहर,में सात लाख रुपए की लागत से ग्राम पंचायत कार्यालय प्रांगण में पेवर ब्लॉक लगाने के कार्य में भारी भ्रष्टाचार किए जाने का आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि सरपंच एवं सचिव की मिलीभगत से यह अनियमितता की जा रही है। निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है,जिसमें ज़ीरो साइज़ गिट्टी की जगह घटिया डस्ट (धूल) का उपयोग हो रहा है। साथ ही पेवर ब्लॉक भी घटिया किस्म के इस्तेमाल किए जा रहे हैं। इस संबंध में मनटोलवा के उप सरपंच गौतम ने निर्माण स्थल पर पूछने पर चौंकाने वाला खुलासा किया। उन्होंने स्वीकार किया कि हां हम मानते हैं धूल वाली डस्ट है,आगे से ऐसी डस्ट नहीं मंगाई जाएगी। इस जवाब से साफ जाहिर होता है कि पंचायत के पदाधिकारी मिलकर विकास कार्यों के लिए आए लाखों रुपए का आपस में बंदरबांट कर रहे हैं। क्षेत्रीय जनता ने मैहर जिला कलेक्टर से इस विषय को संज्ञान में लेकर जांचकरवाने और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर नजीर पेश करने की मांग की है।

# संबल योजना में बड़ा भ्रष्टाचारः रहिकवारा पंचायत में 'जीवित' को मृत दिखाकर किया लाखों का गबन!



**सतना।**

जिले की नागौद जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत रहिकवारा में संबल योजना के तहत लाखों रुपए के बड़े भ्रष्टाचार का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत से जीवित व्यक्तियों को मृत घोषित कर उनकी अंत्येष्टि और अनुग्रह राशि का अवैध रूप से आहरण कर लिया गया है। इस धांधली में ग्राम पंचायत के तत्कालीन सचिव,पीसीओ और जनपद पंचायत के सीईओ की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है।

### 'मरे' बताकर लाखों की सहायता राशि निकाली

शिकायत के अनुसार, अधिकारियों ने श्रमिक परिवारों को आर्थिक सहायता देने वाली संबल योजना का दुरुपयोग किया। जनसुनवाई के माध्यम से कलेक्टर को मिली शिकायत में तीन प्रमुख मामले सामने आए हैं। सज्जन चौधरी (आईडीः 132910955): उन्हें मृत दिखाकर 10 जनवरी 2021 को 5,000 रुपए की अंत्येष्टि और 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि निकाल ली गई,जबकि सज्जन चौधरी आज भी जीवित हैं।गनपत कुशवाहा(आईडीः103975461): इसी तरह,इन्हें भी मृत घोषित कर 14 जनवरी 2020 को 5,000 रुपए की अंत्येष्टि और 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि आहरित कर ली गई। राम चरण चौधरी (आईडीः 132785947): इनकी वास्तविक मृत्यु 12 अप्रैल 2020 को हुई थी,लेकिन उनके परिवार को मिलने वाली सहायता राशि किसी अन्य व्यक्ति के खाते में भेज दी गई।

### ग्रामीणों ने निष्पक्ष जाँच और एफ आई आर की मांग की

ग्रामवासियों ने इस पूरे प्रकरण को सरकारी धन की हेराफेरी करार दिया है और आरोप लगाया है कि रहिकवारा पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलीभगत कर योजना की राशि का गबन किया है। उन्होंने इस मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और अपराध दर्ज करने की मांग की है।

### जिला पंचायत सीईओ ने जाँच का आश्वासन दिया

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने पुष्टि की है कि उन्हें जनसुनवाई में यह शिकायत प्राप्त हुई है। उन्होंने जांच के बाद गलती मिलने पर अधिकारियों पर नियमानुसार कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि अन्य पंचायतों से भी ऐसे मामले सामने आते हैं,तो उनकी भी व्यापक जांच कराई जाएगी।

## देशी धान की 200 किस्में किसानों के लिए प्रेरणा स्त्रोतः कलेक्टर

# पिथौराबाद में कृषि प्रक्षेत्र दिवस पर जुटे किसान



**सतना।**

जिले में आम,केला जैसे फलों और अनाजों की किस्में तो देखने को मिलती हैं। लेकिन जिस तरह यहां 200 से अधिक धान की परंपरागत किस्में संरक्षित हैं। वह क्षेत्र के किसानों के लिए ही नहीं कृषि वैज्ञानिकों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत हैं। यह बात सतना कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने पिथौराबाद में बुधवार को आयोजित जैव विविधता कृषि प्रक्षेत्र दिवस को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित करते हुए कही।

### देशी किस्मों को अपनाकर किसान उठाए लाभ

कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार ने किसानों से कहा कि वे परंपरागत अनाजों का उत्पादन कर कम लागत में अधिक लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि अधिकारियों को परंपरागत अनाज के विस्तार एवं प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए। जैव विविधता प्रबंधन समिति और सर्जना सामाजिक सांस्कृतिक एवं साहित्यिक मंच पिथौराबाद के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित प्रक्षेत्र दिवस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान कृषि वैज्ञानिक कृषि विभाग के अधिकारी जनपद के अधिकारी उपस्थित रहे।

### परंपरागत बीज के संरक्षण की जरुरत

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए जैव विविधता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पद्मश्री बाबूलाल दाहिया ने परंपरागत अनाज, सब्जी आदि को बचाए रखने के लिए उनके द्वारा किए जा रहे नवाचारों का विस्तार से उल्लेख करते हुए उनके संरक्षण पर जोर दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मझगवां एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर, उचेहरा एसडीएम सुमेश द्विवेदी ने कृषि उपकरण संग्रहालय, बीज बैंक के निर्माण तथा 200 प्रकार की धानों परंपरागत बीज संरक्षण को लेकर श्री दाहिया द्वारा किए गए प्रयासों की प्रशंसा करते हुए इन कार्यों के विस्तार पर जोर दिया। परंपरागत खेती को किसानों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताया। इस अवसर पर कृषि अनुसंधान परिषद के सहायक महानिदेशक डॉ.सदाचारी सिंह तोमर सेवानिवृत, अपर संचालक कृषि आरएस चर्मकार,सहायक संचालक कृषि आरएस बागरी, वीरेंद्र प्रताप सिंह, जगदीश उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आदित्य प्रताप सिंह व आभार प्रदर्शन सर्जना सचिव डॉ.बसंत तिवारी ने किया।

### एक साथ 200 प्रकार की धान को देख हुए अचंभित

इस दौरान कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस सहित अन्य अधिकारियों ने खेत में पहुंचकर वहां लगी 200 प्रकार की दुर्लभ परम्परागत धान की अलग-अलग किस्मों को देख अचंभित रहे। इसके अलावा बीज बैंक व कृषि आश्रित समाज के दुर्लभ कृषि यंत्रों के संग्रहालय का भी अवलोकन किया।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया



**पवई।** खेलों के लिए एक सुखद दिवस 69 स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 14 वर्ष बालक बालिका खो-खो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सागर संभाग की टीम कदापि उप विजेता अवश्य रही है लेकिन अपने खेल कौशल से प्रदेश से आए हुए समस्त खिलाड़ियों में अपना एक दबदबा बना के रखा है मूलभूत सुविधाओं से वंचित होते हुए भी परिस्थितियों स्थितियों से लड़कर राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता तक पहुंचना भी खिलाड़ियों के लिए शिक्षा विभाग के लिए सुखद अनुभव है विजेता की टीम में चार बालक पवई शिक्षा विभाग के विकासखंड पवई के प्रतियोगी हैं राष्ट्रीय स्तर की जब टीम तैयार होगी तो निश्चित रूप से दो से तीन खिलाड़ी पहली बार किसी खेल स्पर्धा में राष्ट्रीय स्तर पर पवई क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे आज के समापन समारोह में जिले की मुखिया श्रीमती उषा परमार पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमती निवेदिता नायडू शिक्षा विभाग में जिले की मुखिया श्री रवि प्रकाश खरे डी पी सी श्री अजय कुमार गुप्ता सहायक संचालक श्री अमित कुमार जैन जिला खेल अधिकारी श्री राजेश मिश्रा जी द्वारा पवईविकासखंड के खिलाड़ियों की सराहन की गई निश्चित रूप से विकासखंड शिक्षा परिवार से जुड़े हुए समस्त अधिकारी कर्मचारियों का सहयोग अतुल्य रहा है आपके सहयोग के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। आगामी तिथि में राज्य स्तरीय स्पर्धा में चयनित हुए विभिन्न खेलों में 19 खिलाड़ियों का सम्मान समारोह भी शिक्षा विभाग परिवार की ओर से किया जाएगा।

### पन्ना में अवैध रेत उत्खनन का मामला गरमाया, कांग्रेस नेता ने उठाई आवाज



**पन्ना।** कांग्रेस नेता और नगर पालिका परिषद पन्ना के नेता प्रतिपक्ष रेहान मोहम्मद ने जिला कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित कर जिले ाइमें व्यापक स्तर पर हो रहे अवैध रेत उत्खनन का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले में बड़े पैमाने पर अवैध रेत उत्खनन किया जा रहा है, जिससे शासन को करोड़ों रुपये के राजस्व की हानि को नुकसान हो रहा है और पर्यावरण, नदी तंत्र और स्थानीय ग्रामीणों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। रेहान मोहम्मद ने आरोप लगाया कि राम नाई बरौली और भानपुर सहित कई अन्य क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अवैध रेत उत्खनन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारी मशीनों और डंपरों का उपयोग किया जा रहा है, जबकि अधिकारी अनदेखी कर रहे हैं। कई स्थानों पर रेत माफिया ग्रामीणों को धमकाकर उनकी निजी भूमि से जबरन रेत उत्खनन कर रहे।

### देश विदेश से आए सुंदर साथ ने श्री जी का लिया आशीर्वाद

# पृथ्वी परिक्रमा - प्राणनाथ के जयकारों से गूंजा पूरा पन्ना

**पन्ना।** मध्य प्रदेश के बुंदेल खण्ड में स्थित प्राचीन मंदिरों की नगरी पन्ना में प्रणामी धर्मावलम्बियों की आस्था का केंद्र श्री प्राणनाथ जी का मंदिर स्थित है, जो प्रणामी धर्म का सबसे बड़ा तीर्थ सलि माना जाता है। षरद पूर्णिमा के ठीक एक माह बाद कार्तिक पूर्णिमा को देष के कोने कोने से श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। सदियों से चली आ रही इस परम्परा को प्रणामी धर्मावलम्बी पृथ्वी परिक्रमा कहते हैं। यह परंपरा बुन्देलखण्ड क्षेत्र के पन्ना धाम में लगभग चार सौ सालों से चली आ रही है।









ज्ञात हो कि षरद पूर्णिमा के ठीक एक माह बाद कार्तिक पूर्णिमा को देष के कोने-कोने से यहां सुंदरसाथ पहुंचते हैं। पन्ना धाम में 05 नवम्बर बुधवार को देष-विदेष से आए हजारों श्रद्धालु (सुंदरसाथ) नें एक साथ नगर के बाहरी हिस्से में जंगल होते हुए परिक्रमा लगाकर अपने आप को धन्य महषूस किया।

#### भगवान श्री कृशण के उस स्वरूप को खोजते

यहाँ किलकिला नदी के किनारे व पहाड़ के बीचों बीच बसे समूचे पन्ना नगर के चारों तरफ परिक्रमा लगाकर भगवान श्री कृशण के उस स्वरूप को खोजते हैं, जो कि षरद पूर्णिमा की रासलीला में उन्होंने देखा और अनुभव किया है। अंतर्ध्यान हो चुके प्रियतम प्राणनाथ को उनके प्रेमी सुन्दरसाथ भाव विभोर होकर नदी, नालों, पहाड़ों तथा घने जंगल में हर कहीं खोजते हैं। दूसरा इस पावन भूमि पर महामती श्री प्राणनाथ जी ने परमधाम में सतत चलने वाले अखंड रास की अनुभूति साक्षात अपने अनुयायियों को कराई थी जिस कारण से पन्ना की भूमि का नाता परमधाम के स्वरूप मानकर इस भूमि की परिक्रमा कर अपने आप को धन्य महसूस करते हैं। सदियों से चली आ रही इस परम्परा को प्रणामी धर्मावलम्बी पृथ्वी परिक्रमा कहते हैं। बुन्देलखण्ड क्षेत्र के पन्ना धाम में लगभग चार सौ सालों से चली आ रही है। प्राचीन भव्य मंदिरों के इस षहर पन्ना में प्रणामी धर्मावलम्बियों की आस्था का केंद्र श्री प्राणनाथ जी का मंदिर स्थित है, जो प्रणामी धर्म का सबसे बड़ा तीर्थ सलि माना जाता है।

#### पन्ना में पृथ्वी परिक्रमा की धूम रही

मंदिरों की नगरी पन्ना में 5 नवंबर को पृथ्वी परिक्रमा में भाग लेने के लिए देष के विभिन्न प्रांतों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु (सुन्दरसाथ) पन्ना पहुँचे, जिससे आज पूरे दिन मंदिरों के षहर पन्ना में पृथ्वी परिक्रमा की धूम रही। पूरे भक्ति भाव और उत्साह के साथ पन्ना पहुंचे ये श्रद्धालु परम्परानुसार पृथ्वी परिक्रमा में भाग लिया। यहां के जंगल, पहाड़ आज प्राणनाथ प्यारे के जयकारों से गूंज उठे।

#### विश्व कल्याण का संदेष देती अनूठी परंपरा

प्रकृति के निकट रहने तथा विश्व कल्याण व साम्प्रदायिक सद्भाव की सीख देने वाली इस अनूठी परम्परा को प्रणामी संप्रदाय के प्रणेता महामति श्री प्राणनाथ जी ने आज से लगभग 400 साल पहले षुरू किया था, जो आज भी अनवरत जारी है। इस परम्परा का अनुकरण करने वालों का मानना है कपृथ्वी परिक्रमा से उनको सुखद अनुभूति तथा षान्ति मिलती है।

#### संपूर्ण परिक्रमा की दूरी करीब 20 किलोमीटर

चारो तरफ फेली हरीतिमा तथा जल प्रपात का कर्णप्रिय संगीत और जहाँ-तहाँ चट्टानों पर बैठकर विश्राम करती श्रद्धालुओं की टोली, सब कुछ बहुत ही मनभावन लगता है। जानकारों के मुताबिक इस परिक्रमा की दूरी करीब 20 किलोमीटर के आसपास होती है। पहाड़ी को पार करते हुये मदार साहब, धरमसागर व अघोर होकर यह विषाल कारवां खेजड़ा मंदिर पहुंचता है। यात्रा में रंग विरंगे कपड़े पहने मुस्कुराते बच्चे, सुन्दर परिधानों से सुसज्जित महिलायें, युवा, युवतियाँ व वृद्धजन अपने-अपने विषिश्ट अंदाज में दिखते हैं।

#### खेजड़ा मंदिर में होती है महाआरती

खेजड़ा मंदिर पहुंचने पर वहां महाआरती व प्रसाद वितरण होता है। तत्पष्चात सभी सुन्दरसाथ उसी सानि पर पहुंचते हैं जहां से परिक्रमा षुरू की गई थी। पन्ना षहर से बमुष्किल तीन-चार किलोमीटर दूर स्थित कौवा सेहा का अप्रतिम सौंदर्य देखने जैसा है। यदि इस प्राकृतिक सेहा तक सुगम मार्ग व यहां सुरक्षा के जरूरी इंतजाम करा दिए जाएं तो मानसून सीजन के अलावा भी पूरे वर्श भर यह सलि पर्यअकों को आकर्शित कर सकता है। सामान्य दिनों में यहां सन्नाटा पसरा रहता है और झरने के सुमधुर संगीत के बीच वृक्षों में कुल्हाड़ी चलने की आवाजें गूंजती हैं, जिससे यहां का माहौल बेहद डरावना प्रतीत होने लगता है। यदि यह सलि विकसित हो जाए तो अवैध कटाई सहित अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर जहां रोक लग सकती है, वहीं उपेक्षा के चलते उजड़ रहा यह सलि अप्रतिम सौंदर्य को पुनरू प्राप्त हो सकता है। पृथ्वी परिक्रमा संपूर्ण तैयारी पूर्व से ही श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट के द्वारा की जाती हैं। जिससे बाहर से आने वाले सुंदरसाथ को कोई दिक्कत न हो।

## पन्ना पुलिस द्वारा स्थाई वारन्टी आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा जिले में फरार एवं स्थाई वारन्टी आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु सभी थाना प्रभारियों को निरंतर निर्देश दिए जा रहे हैं। इन्हीं निर्देशों के पालन में थाना कोतवाली पन्ना पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय के स्थाई वारंट का पालन करते हुए एक महत्वपूर्ण गिरफ्तारी की गई है। माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, पन्ना के न्यायालय द्वारा एस.सी. क्रमांक 31/19, धारा 138 एन.आई. एक्ट में आरोपी मनोहर सिंह पिता नरसिंह चौहान, निवासी कॉलेज के पीछे, पलेरा, जिला टीकमगढ़ के विरुद्ध स्थाई वारंट जारी किया गया था।



थाना कोतवाली पन्ना पुलिस द्वारा आरोपी की तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना पलेरा, जिला टीकमगढ़ पुलिस की सहायता से आरोपी मनोहर सिंह को पलेरा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को विधिसम्मत कार्यवाही उपरांत माननीय न्यायालय पन्ना के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की कार्यवाही की गई।

#### सराहनीय योगदान

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरी रोहित मिश्रा, उनि0 कमल विक्रम पाठक, प्र0आर0 अईमात, आर0 महेन्द्र एवं सायबर सेल पन्ना का विशेष योगदान रहा, जिनके प्रयासों से स्थाई वारन्टी आरोपी की गिरफ्तारी संभव हो सकी।

## चलते ट्रकों की तिरपाल काटकर माल चोरी करने वाले गिरोह का मुख्य सरगना और साथी गिरफ्तार

**पन्ना।** पुलिस द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए रैपुरा थाना क्षेत्र के रैपुरा-दमोह रोड स्थित गुदरी टेक घाटी में ट्रकों की तिरपाल काटकर माल चोरी करने वाले अतर्राज्यीय गिरोह के मुख्य सरगना मुस्तकीम खान एवं उसके साथियों को बांदकपुर, दमोह के जंगल से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी में प्रयुक्त औजार भी बरामद किए हैं। यह गिरोह पन्ना, दमोह, छतरपुर, सागर, जबलपुर सहित अन्य जिलों में भी इसी तरह की घटनाओं को अंजाम दे चुका है। रैपुरा थाना क्षेत्र के रैपुरा-दमोह रोड पर गुदरी टेक घाटी में तीन अलग-अलग परिवाहकों ने शिकायत दर्ज कराई थी कि रात के समय कुछ अज्ञात चोर ट्रकों की तिरपाल काटकर अंदर भरे माल को चोरी कर ले गए। फरियादियों की रिपोर्ट पर थाना रैपुरा मे अलग-अलग अपराध क्रमांक 220/25, 221/25 एवं 222/25 धारा 303 (2) ,112 बी.एन.एस. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था। थाना प्रभारी रैपुरा उनि. संतोष सिंह यादव ने घटना की जानकारी वरिष्ठ



अधिकारियों को दी, जिस पर पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित की गई। पूर्व में इस गिरोह के 05 आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके थे, जबकि मुख्य सरगना मुस्तकीम खान और उसका साथी जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गये थे। गठित पुलिस टीम द्वारा मामले मे फरार आरोपियों की लगातार तलाश पतारसी की जा रही थी एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया जिससे आरोपियो के तेलंगाना राज्य मे भाग जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। आज दिनांक 05 नवम्बर 2025 को थाना प्रभारी रैपुरा को सूचना प्राप्त हुई की मामले मे फरार उक्त आरोपी बांदकपुर दमोह जंगल के पास देखे गये है । मुखविर सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये बांदकपुर, दमोह के जंगल मे दबिश दी गई जहां से उक्त दोनों फरार आरोपियों गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त हुई है। इस प्रकरण में शामिल एक नाबालिग आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है।

**गिरफ्तार आरोपीगण**

1. मुस्तकीम खान पिता मुकीम खान, उम्र 29 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 08, सीता बावली, थाना कोतवाली दमोह, जिला दमोह (म.प्र.)
2. भूरा खान उर्फ मुस्तकीम खान पिता अजीम खान, उम्र 28 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 07, थाना हिंडोरिया, जिला दमोह (म.प्र.)

**आपराधिक रिकॉर्ड –**

1. थाना बटियागढ़, जिला दमोह - अपराध क्रमांक 170/25, धारा 303 (2) बी.एन.एस. 2. थाना शाहगढ़, जिला सागर- अपराध क्रमांक 310/25, धारा 303 (2) बी.एन.एस. 3. थाना रैपुरा, जिला पन्ना - अपराध क्रमांक 220/25, धारा 303 (2) बी.एन.एस. 4. थाना रैपुरा, जिला पन्ना - अपराध क्रमांक 221/25, धारा 303 (2) बी.एन.एस. 5. थाना रैपुरा, जिला पन्ना अपराध क्रमांक 222/25, धारा 303 (2) बी.एन.एस.

सराहनीय योगदान - उक्त कार्यवाही मे उनि. संतोष सिंह यादव सहित थाना रैपरा पुलिस टीम एवं सायबर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा।

## आवासहीन परिवारों के सपने साकार होने की दिशा में बड़ा कदमः राजापुर पंचायत में आबादी भूमि का हुआ निरीक्षण



### डेढ़ दशक बाद सरपंच बैतूलाल चौधरी के प्रयासों से संभव हुई ऐतिहासिक पहल, प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश

**पन्ना/देवेंद्रनगर। ग्राम पंचायत राजापुर के आवासहीन परिवारों के लिए अब अपने घर का सपना साकार होने की दिशा में ठोस पहल हुई है। लंबे समय से लंबित यह मामला आखिरकार गतिशील हुआ, जब अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) संजय नागवंशी के निर्देश पर 5 नवंबर को स्थल निरीक्षण की कार्यवाही संपन्न हुई।**

निरीक्षण के दौरान एसडीएम पन्ना, तहसीलदार देवेंद्रनगर, थाना प्रभारी देवेंद्रनगर, उपयंत्री, पटवारी, राजस्व निरीक्षक, ग्राम पंचायत सचिव एवं सरपंच बैतूलाल चौधरी मौजूद रहे। अधिकारियों ने घोषित आबादी क्षेत्र का मौके पर निरीक्षण किया और अतिक्रमण हटाने तथा लेआउट प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। एसडीएम नागवंशी द्वारा पूर्व में जारी पत्र के अनुसार, ग्राम पंचायत राजापुर की खसरा नंबर 784/1 रखवा 2 हेक्टेयर शासकीय भूमि को "आबादी क्षेत्र" घोषित किया गया है, जहाँ पात्र आवासहीन परिवारों को आवास निर्माण हेतु भूमि आवंटित की जाएगी। सरपंच बैतूलाल चौधरी ने इस निर्णय को राजापुर के लिए ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि "आखिरकार डेढ़ दशक की मेरी निरंतर मेहनत रंग लाई है। अब राजापुर के आवासहीन परिवार अपने घर का सपना साकार करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। यह भूमि केवल आवास के लिए नहीं, बल्कि राजापुर के सुनियोजित विकास की नींव है। कलेक्टर और एसडीएम की त्वरित कार्यवाही एवं संवेदनशीलता के लिए मैं शासन-प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।" इस महत्वपूर्ण निर्णय से राजापुर को अब विस्तार का अवसर मिलेगा। भूमि निश्चित होने से भविष्य में यहाँ सरकारी कार्यालय, मंदिर, पार्क, खेलकूद मैदान और अन्य सार्वजनिक सुविधाएँ भी विकसित की जा सकेंगी। ग्रामवासियों ने सरपंच बैतूलाल चौधरी के वर्षों से जारी प्रयासों और प्रशासन की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि अब राजापुर का नक्शा बदलने वाला है।

#### क्या है मामला?

स्थान- ग्राम पंचायत राजापुर, जनपद पंचायत पन्ना
खसरा नंबररू 784/1, रखवा 2 हेक्टेयर शासकीय भूमि
उद्देश्य- आवासहीन परिवारों को आवास निर्माण हेतु भूमि आवंटन
कार्यवाही- 5 नवंबर को एसडीएम पन्ना के निर्देश पर स्थल निरीक्षण
स्थिति- अतिक्रमण हटाने एवं लेआउट प्लान बनाने के दिए गए निर्देश
प्रमुख भूमिका- सरपंच बैतूलाल चौधरी की 15 वर्षों की सतत पहल
लाभ- आवास निर्माण के साथ-साथ राजापुर के सुनियोजित विकास की शुरुआत।

## विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत घर-घर मतदाता सत्यापन अभियान में नागरिकों से सहयोग की अपील

**पन्ना। निर्वाचन आयोग द्वारा मप्र में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया जाएगा। इस अवधि में प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी मतदाताओं के निवास पर जाकर उनके नाम, पता, आयु एवं अन्य विवरणों का भौतिक सत्यापन करेंगे।**

निर्वाचन आयोग द्वारा सभी नागरिकों से इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी एवं पूर्ण सहयोग का आग्रह किया गया है। मतदाताओं से अपील की गई है कि जब बीएलओ आपके घर आएं, तो उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान करें। बीएलओ के पास पहले से मतदाता सूची 2025 के विवरण के अनुसार आपके नाम, पता और ईपिक नंबर सहित प्री-प्रिंटेड एन्यूमरेशन फॉर्म होगा। नागरिकों से अपेक्षा की जाती है कि वे इस फॉर्म में भरी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक जांचें तथा पुष्टि करें। जिन परिवारों में कोई नया सदस्य एक जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका है, उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए बीएलओ द्वारा फॉर्म-6 उपलब्ध कराया जाएगा। यदि किसी परिवार सदस्य का निधन हो गया हो या वह अन्यत्र स्थानांतरित हो गया हो, तो उसकी जानकारी भी बीएलओ को दें ताकि सूची से नाम विलोपित किया जा सके। यह ध्यान देने योग्य है कि घर-घर सर्वेक्षण के दौरान बीएलओ कोई भी दस्तावेज़ एकत्र नहीं करेगा। दस्तावेज केवल तभी आवश्यक होंगे, जब किसी प्रविष्टि का सत्यापन पूर्ववर्ती रिकॉर्ड से मेल न खाए। ऐसी स्थिति में संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अलग से सूचना देकर आवश्यक दस्तावेज मांगेगा। बीएलओ आयोग द्वारा अधिकृत पहचान पत्र लेकर आएंगे। इसलिए नागरिक उनसे पहचान पत्र देखकर जानकारी साझा करें। घर-घर सत्यापन के बाद 9 दिसम्बर को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। नागरिक 9 दिसम्बर से 8 जनवरी तक अपने नाम संबंधी दावा या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी को किया जाएगा। निर्वाचन आयोग ने सभी नागरिकों से अपील की है कि जब बीएलओ आपके घर पहुंचे, तो सटीक एवं अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराएं। यह अभियान मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता और समावेशिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नागरिकों के सहयोग से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में सम्मिलित हो तथा कोई अपात्र प्रविष्टि मतदाता सूची में न रहे।

### गुरु नानक जयंती हर्ष उल्लास से मनाई गई



**पन्ना।** सिख पंथ के संस्थापक, करुणा और मानवता के प्रतीक प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व पन्ना नगर के रानीगंज मोहल्ला स्थित गुरूद्वारा में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सिक्ख सामुदाय के लोग गुरूद्वारा पहुंचकर श्रद्धा के साथ शबद कीर्तन का श्रवण किया और सभी को प्रकाश पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। "गुरु नानक देव जी ने हमें सत्य, सेवा और मानवता का संदेश दिया। उनके आदर्श आज भी समाज को एकता और भाईचारे की राह दिखाते हैं।"

## नर्सिंग ऑफिसर की बाइक चोरी, सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई वारदात, सुरक्षा पर सवाल

**दमोह।** जिला अस्पताल परिसर से रविवार दोपहर नर्सिंग ऑफिसर की मोटरसाइकिल चोरी हो जाने का मामला सामने आया है घटना के बाद से अस्पताल प्रशासन और पुलिस हरकत में आ गए हैं वहीं अस्पताल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। मिली जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में पदस्थ नर्सिंग ऑफिसर सुनील पटेल ने अपनी मोटरसाइकिल एमपी 47 एमएम नंबर की बाइक अस्पताल परिसर में खड़ी की थी कुछ देर बाद लौटने पर उन्होंने देखा कि बाइक गायब है उन्होंने तत्काल सिविल सर्जन और कोतवाली थाना पुलिस को इसकी जानकारी दी और थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की पुलिस ने बताया कि अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे चालू स्थिति में थे फुटेज में एक संदिग्ध युवक बाइक ले जाते हुए दिखाई दे रहा है जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पहचान और तलाश शुरू कर दी है फिलहाल पुलिस आसपास के क्षेत्रों के फुटेज भी खंगाल रही है ताकि आरोपी तक पहुंचा जा सके। नर्सिंग ऑफिसर सुनील पटेल ने कहा कि अस्पताल परिसर में दिनदहाड़े हुई चोरी सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है उन्होंने कहा कि जहां मरीजों और परिजनों की भीड़ हर समय रहती है वहां वाहनों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त निगरानी जरूरी है। घटना के बाद सिविल सर्जन ने भी परिसर में सुरक्षा को और मजबूत करने के निर्देश दिए हैं अस्पताल प्रशासन ने पुलिस को हर संभव सहयोग देने की बात कही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अस्पताल जैसे संवेदनशील परिसर में वाहनों की सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था की जरूरत है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## खबर संक्षेप



### 12 फिट का अजगर निकलने से मचा हड़कंप

घुवारा। घुवारा क्षेत्र के कचरा गांव में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया जब खेत में काम कर रहे किसानों ने करीब 12 फिट लंबा अजगर देखा। देखते ही देखते गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोग मौके पर पहुंचने लगे। किसानों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही डिप्टी रेंजर संतोष कोंडर के नेतृत्व में वन विभाग की टीम सुंदरम पाठक, ब्रजेश सोनी, कमलेश लोधी सहित मौके पर पहुंची। टीम ने अपनी सूझबूझ और सावधानी से अजगर को पकडने में सफलता हासिल की। वन विभाग के अमले ने अजगर को सुरक्षित रेस्क्यू कर पास के जंगल में छोड़ दिया। ग्रामीणों ने वन विभाग की तत्परता और साहस की सराहना की। बताया गया कि यह अजगर खेत के किनारे बने मेड़ के पास छिपा हुआ था, जिसे देखकर किसान भयभीत हो गए थे।

### दो बाइक की आपस में टक्कर, दो घायल



बक्सवाहा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बक्सवाहा की लचर व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। आज सुबह करीब 11 बजे ग्राम अगारा निवासी राजा सिंह पिता मनन सिंह उम्र 30 वर्ष और मैढा बाई (उम्र 27 वर्ष) का बाइक से एक्सीडेंट हो गया। घायलों को 112 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बक्सवाहा लाया गया लेकिन वहां का हाल बेहाल था।अस्पताल में उस समय केवल एक नर्स मौजूद थी कोई डॉक्टर नहीं था। न स्ट्रेचर मिला, न व्हीलचेयर, घायल को परिजनों और मीडिया की मदद से खुद अस्पताल के अंदर ले जाया गया। बाद में फोन करने पर डॉक्टर पहुंचे और मरीज की गंभीर स्थिति देखते हुए उसे दमोह जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में आए दिन डॉक्टरों की अनुपस्थिति रहती है और मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। अब सवाल यह है कि आखिर प्रशासन कब इन लापरवाहियों पर सख्त कदम उठाएगा?

### युवक करंट की चपेट में आने से झुलसा



छतरपुर। बुधवार की दोपहर एक दर्दनाक हादसे में ग्राम हटवाहा थाना बिजावर निवासी 25 वर्षीय युवक अजय राजपूत करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। जानकारी के अनुसार सुबह करीब 11 बजे अजय अपने घर की बिजली सुधारने का काम कर रहा था, तभी अचानक तार में करंट प्रवाहित हो गया और वह इसकी चपेट में आ गया। हादसे में युवक के हाथ और पैर बुरी तरह झुलस गए। घटना के बाद परिजनों ने तत्काल उसे पिपट के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में अजय को बर्न वार्ड में भर्ती कर इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार झुलसने की वजह से युवक के शरीर के हाथ और पैर के कई हिस्सों पर गहरी चोटें आई हैं, फिलहाल उसकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। घायल के भाई राहुल राजपूत ने बताया कि अजय घर की बिजली सुधारते वक्त अचानक तार में करंट आने से झुलस गया। परिवार के सदस्य अस्पताल में मौजूद हैं अगर हालत में सुधार नही होगा तो ग्वालियर के मेडिकल रैफर करवाते हैं, पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है।

### आईटीआई में सीटों के विरुद्ध छात्रों के प्रवेश बढ़ाएंः कलेक्टर



छतरपुर। जिला कौशल समिति (डीएससी) की बैठक मंगलवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में प्राचार्य शासकीय आईटीआई छतरपुर जितेंद्र सिंह जादौन, अधीक्षक डी.के. करोसिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने आईटीआई शासकीय संस्थानो में पोस्ट मीट्रिक छात्रवृत्ति में छात्रों के नए खाते खुलवाकर डीबीटी इनेबल कराने के निर्देश दिए। जिले में संचालित शासकीय आईटीआई में छात्रों के प्रवेश की समीक्षा करते हुए बड़ामलहरा, चंदला में प्रवेश बढ़ाने के निर्देश दिए और कहा कि हाई स्कूल एवं हेयर सेकेंडरी के छात्रों से संपर्क कर सीटों के विरुद्ध छात्रों के प्रवेश बढ़ाएं।

# कार्तिक पूर्णिमा पर महिलाओं ने की पूजा-अर्चना

## मंदिर सहित कई मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब



कार्तिक मास की पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को शहर के मंदिरों में सुबह से ही भक्तिमय माहौल देखने को मिला। नरसिंह मंदिर, हनुमान टोरिया, दुर्गा मंदिर सहित कई धार्मिक स्थलों पर महिलाओं ने विधि-विधान से पूजन-अर्चना की।

छतरपुर।

नरसिंह मंदिर के पुजारी सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि कार्तिक मास में महिलाएं पूरे एक माह तक व्रत रखकर भगवान विष्णु की उपासना करती हैं। प्रतिदिन प्रातः 5 बजे उठकर स्नान कर मंदिरों में पूजा करती हैं और कार्तिक कथा का श्रवण करती हैं। पूर्णिमा के दिन महिलाएं 'कतकारियों का विशेष पूजन करती हैं, जिससे उनके एक माह के तप व्रत का समापन होता है। इस व्रत का पारण शुक्रवार को किया जाएगा।एक माह की इस साधना को महिलाएं भक्ति, संयम और श्रद्धा के साथ पूर्ण करती हैं। मंदिरों में दिनभर पूजा-पाठ, दीपदान और भजन-कीर्तन का सिलसिला चलता रहा। शहरभर में कार्तिक पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया।

## कार्तिक पूर्णिमा पर हनुमान टोरिया में हुआ विशाल भंडारा

### 39 वर्षों से जारी है हनुमान टोरिया की परंपरा

छतरपुर।

कार्तिक माह की पूर्णिमा के पावन अवसर पर धार्मिक तीर्थ स्थल हनुमान टोरिया में बुधवार को आरती, हवन और पूजन के साथ विशाल भंडारे का शुभारंभ हुआ। इस भव्य आयोजन का संचालन रावतन हनुमान टोरिया ट्रस्ट द्वारा किया गया, जो पिछले 39 वर्षों से इस परंपरा को निरंतर निभा रहा है।



ट्रस्ट सदस्यों के अनुसार वर्षों पूर्व एक संत बाबा ने राम धुन के साथ छोटे स्तर पर भंडारे की शुरुआत की थी, जो अब विशाल रूप ले चुका है। इस वर्ष लगभग 50 से 60 हजार श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना जताई गई।

भंडारे की विशेषता यह रही कि आधुनिक मशीनों से प्रसाद निर्माण किया जा रहा है। लगभग 150 महिलाएं पूड़ियां बेलने का कार्य कर रही हैं, जबकि 75 से 80 अनुभवी कारीगर शुद्ध घी से स्वादिष्ट प्रसाद तैयार कर रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महिला और पुरुषों के अलग-अलग वितरण काउंटर बनाए गए हैं। जिला प्रशासन की ओर से व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखी गईं तथा जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई। ट्रस्ट सदस्यों ने बताया कि हनुमान जी की कृपा से कभी भी प्रसाद की कमी नहीं होती। भंडारे से करीब एक माह पूर्व से अखंड 'सीताराम-सीताराम की रामधुन निरंतर गूंजती रहती है, जो पूरे माह भक्ति का माहौल बनाए रखती है।

रावतन ट्रस्ट के सचिव नीरज भार्गव ने बताया कि लगभग 38 वर्ष पूर्व एक संत यहां आए थे, जिन्होंने 'सीताराम-राधेश्याम की अखंड धुन का संकीर्तन प्रारंभ किया था। अगले वर्ष वे रहस्यमय ढंग से लुप्त हो गए, परंतु स्थानीय श्रद्धालुओं ने उनकी परंपरा को निरंतर जारी रखा। इस वर्ष भंडारे के साथ-साथ दो दिवसीय महारास का आयोजन भी किया गया, जिसमें राधा-कृष्ण स्वरूप में 150 से अधिक बच्चों ने मनमोहक अभिनय प्रस्तुत किया। देर रात्रि तक चले इस आयोजन में श्रद्धा, सेवा और भक्ति की अद्भुत छटा देखने को मिली।

### गुरूनानक देव जी के प्रकाशोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत

## समाज को अज्ञानता के अंधकार से बाहर निकालना ही प्रकाश पर्व है



छतरपुर। कार्तिक पूर्णिमा का पावन दिन भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से तो जुड़ा ही है, परंतु यह तिथि इसलिए भी विशेष मानी जाती है क्योंकि इसी दिन सिख धर्म के संस्थापक, मानवता के महान उपदेशक, श्री गुरूनानक देव जी का जन्म हुआ था। अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर समाज को ज्ञान, प्रेम और एकता के प्रकाश से आलोकित करने वाले गुरूनानक देव जी का जन्मदिन प्रकाश पर्व के रूप में हर्षोल्लास से मनाया गया।

महोबा रोड स्थित गुरूद्वारे में सुबह से ही धार्मिक कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ। गुरूग्रंथ साहेब के पाठ, कीर्तन और वचनों पर आधारित प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालुओं ने गुरुनानक जी की शिक्षाओं को आत्मसात किया। शहर के अनेक समाजों के गणमान्य नागरिकों ने गुरूद्वारे पहुंचकर मत्था टेका और सिख समाज के लोगों को प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं दीं।

सिख समाज के अध्यक्ष सरनजीत सिंह ने बताया कि पिछले आठ दिनों से गुरूद्वारे में धार्मिक आयोजन लगातार जारी हैं। इस अवधि में तीनों समय लंगर सेवा भी संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि समरसता और भाईचारे की नदी केवल गुरूनानक के घर से ही बहती है। आयोजन की तैयारियां दो महीने पूर्व से शुरू कर दी गई थीं। दोपहर बाद गुरूद्वारे से भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया, जिसमें सबसे आगे पंच प्यारे चल रहे थे। शोभायात्रा मऊदरवाजा, हटवारा, चौक बाजार, महल तिराहा, छत्रसाल चौक, चौबे तिराहा, बस स्टैंड मार्गों से होते हुए पुनः गुरूद्वारे पहुंचकर संपन्न हुई। नगर के विभिन्न स्थानों पर अन्य समाजों के लोगों ने फूल वर्षा एवं स्वल्पाहार कराकर शोभायात्रा का स्वागत किया।

## प्रधान जिला न्यायाधीश ने अधिवक्ताओं के 5 दिवसीय मीडियेशन प्रशिक्षण का शुभारंभ किया

छतरपुर।

जैसा की ज्ञात है देश की अदालतों में अत्यधिक मामलें लंबित है और उन्हें कम करने के आशय से न्याय प्रणाली में वैकल्पिक विवाद समाधान को अधिक सशक्त बनाया जा रहा है, मीडिएशन उनमे से एक माध्यम है। यह मीडियेशन प्रशिक्षण अधिवक्ताओं को 9 नवंबर 2025 तक दिया जाएगा जो 5 दिवसों का होगा। इसी तारतम्य में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छतरपुर द्वारा अधिवक्ताओं का प्रशिक्षण करवाया जा रहा है। यह प्रशिक्षण सीनियर ट्रेनर शाहिद मोहम्मद एवं सीनियर ट्रेनर नीना खरे द्वारा एमसीपीसी के माध्यम से प्रदान कराई जा रही है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विधिक



सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश रविन्दर सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उक्त प्रशिक्षण में छतरपुर, टीकमगढ़ व पन्ना जिले के अधिवक्तागण प्राप्त करेंगे। उद्घाटन सत्र में प्राधिकरण के अध्यक्ष ने बताया कि विवाद का अंत तभी सार्थक है जब दोनों पक्षों को समाधान में न्याय और सम्मान का अनुभव हो। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश उपेंद्र प्रताप सिंह, प्रधान न्यायाधीश राजेश देवलिया, जिला न्यायाधीश कविता वर्मा, आशीष श्रीवास्तव, हिमांशु शर्मा , निवेश जैसवाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट स्वाति निवेश जैसवाल, न्यायिक मजिस्ट्रेट रानू बघेल, अरविन्द गुर्जर, राहुल जैन, सचिव विष्णु सोलंकी, जिला विधिक सहायता अधिकारी डॉ. वीरेंद्र चढ़ार उपस्थित रहे।




### सागर के नाम रहा अंडर-15 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट

## देश को क्रांति गौड़ जैसी खिलाड़ी देने पर डीसीसीए को मिला सम्मान

छतरपुर।

पेप्टेक टाउन स्थित क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए अंडर-15 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में सागर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छतरपुर को पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। तीन दिन तक चले इस मुकाबले में सागर ने अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

तीसरे दिन छतरपुर की टीम दूसरी पारी में 115 रनों पर ऑलआउट हो गई। छतरपुर की ओर से आदर्श यादव ने 35, राघव राय ने 26, उमेश रजक ने 15 और युवराज सिंह ने 14 रनों की पारी खेली। वहीं सागर के गेंदबाज होमी सोलंकी ने 4 और आयुष्मान शर्मा ने 3 विकेट झटके। जवाब में सागर की टीम को 79 रनों का लक्ष्य मिला, जिसे उसने बिना कोई विकेट गंवाए आसानी से हासिल कर लिया। सागर की ओर से अंशनाथ ने नाबाद 61 और शिवाजी नायक ने 20 रन बनाए। मैच के दौरान अंपायर की भूमिका सचिन तिवारी और कोमल पावक ने निभाई, जबकि स्कोरर ललित कुमार अहिरवार रहे।

समापन अवसर पर आयोजित समारोह में पुलिस अधीक्षक अगम जैन, एएसपी आदित्य पटले और सागर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के प्रो. के.एस. पित्रे विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत डीसीसीए अध्यक्ष विनय चौरसिया और सचिव राजीव बिल्थरे ने पुष्पगुच्छ भेंटकर किया। कार्यक्रम में विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं शील्ड प्रदान की गई। इस अवसर पर एसपी अगम जैन ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर जिले का नाम रोशन करने वाली क्रांति गौड़ के मेंटोर एवं डीसीसीए के अध्यक्ष विनय चौरसिया एवं कोच व सचिव राजीव बिल्थरे को एसपी ने सम्मानित किया। एसपी ने कहा कि जिस तरह क्रांति गौड़ ने विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया है, वह जिले के सभी खिलाडि़यों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। हमारे खिलाड़ी खेल के प्रति जागरूक और प्रेरित रहकर देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। इस टूर्नामेंट में कुल 7 मुकाबले खेले गए। पहली बार सागर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन ने अंडर-15 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट छतरपुर में आयोजित किया।

### खजुराहो पहुंचे सीजेआई पर जूता उछालने वाले वकील राकेश किशोर

## जवारी मंदिर में खंडित विष्णु मूर्ति की पुनः स्थापना की मांग

### खजुराहो बचाओ अभियान पर हुई सार्थक चर्चा

खजुराहो।

विश्वप्रसिद्ध नगरी खजुराहो में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट राकेश किशोर ने प्राचीन श्री मतँगेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचकर भगवान महादेव के दर्शन एवं अभिषेक पूजन किया। भगवान शिव की आराधना के पश्चात उन्होंने श्री मतँगेश्वर सेवा समिति, दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर एवं खजुराहो डेवलपमेंट एसोसिएशन के पंडित सुधीर शर्मा से भेंट की। इस अवसर पर खजुराहो की सांस्कृतिक धरोहर और आध्यात्मिक पहचान को संरक्षित रखने के उद्देश्य से चल रहे खजुराहो बचाओ अभियान पर विस्तार से चर्चा की गई। एडवोकेट राकेश किशोर जो हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस गवई पर जूता फेंकने की घटना के कारण राष्ट्रीय सुर्खियों में आए थे, इस बार खजुराहो एक अलग ही भावनात्मक और धार्मिक भावना के साथ पहुंचे। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य विवाद नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति और देवालयों की गरिमा की पुनर्स्थापना है। दर्शन के उपरांत वे जवारी मंदिर परिसर पहुंचे, जहां भगवान विष्णु की खंडित मूर्ति देखकर वे गहराई से प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु का सिर उनके धड़ से पुनः जोड़ा जाना चाहिए और उनके समीप एक नई मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा कर पूजा-अर्चना प्रारंभ की जानी चाहिए, क्योंकि खंडित मूर्तियों की पूजा करना शास्त्र सम्मत नहीं है।



उन्होंने यह भी कहा कि खजुराहो के समस्त मंदिरों में जहां देवी-देवता विराजमान हैं, वहां दैनिक पूजा और दर्शन पुनः आरंभ कराए जाने के लिए वे आंदोलन चलाएंगे। उन्होंने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा मंदिरों में पूजा-अर्चना पर लगाए गए प्रतिबंध पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह अत्यंत खेदजनक है कि जिन मंदिरों को हमारे पूर्वजों ने आराधना के केंद्र के रूप में स्थापित किया था, वे आज केवल प्रदर्शन की वस्तु बनकर रह गए हैं। मंदिरों में प्रदर्शन नहीं, दर्शन होना चाहिए। एडवोकेट राकेश किशोर ने खजुराहो बचाओ अभियान को पूर्ण समर्थन देते हुए कहा कि खजुराहो में प्रस्तावित सैनिक एयर बेस का निर्माण किसी अन्य स्थान पर किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि खजुराहो केवल स्थापत्य का नहीं, बल्कि श्रद्धा और अध्यात्म का केंद्र है। यहाँ एयर बेस का निर्माण हमारी सांस्कृतिक विरासत के लिए एक गंभीर खतरा होगा, और हम इसका दृढ़ता से विरोध करेंगे। इस अवसर पर वेन्दावन धाम से पधारें पीठाधीश्वर कौशल किशोर ठाकुर, अखिल भारती सनातन हेल्प लाइन के विकास भाई, एडवोकेट एसोसिएशन (राजनगर) के अध्यक्ष आर. के. उपाध्याय, चार्ली राजा, विश्व हिंदू परिषद के राजकुमार गंगेल, परशुराम राम रैकवार, पथ प्रदर्शक एसोसिएशन के परशुराम तिवारी सहित अयोध्या, मथुरा और काशी से पधारे अनेक संत-महात्माओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए इस अभियान को समर्थन दिया।

## बैंकों में स्व सहायता समूहों के खाते संबंधी आवेदन लंबित नहीं रखें: कलेक्टर ब्लॉक मैनेजर को चिन्हित नए ट्रेडों में प्रशिक्षण कराने के निर्देश

छतरपुर। एनआरएलएम (मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन) की समीक्षा बैठक कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को संपन्न हुई। बैठक में डीपीएम एनआरएलएम श्याम गौतम, ब्लॉक मैनेजर उपस्थित रहे। कलेक्टर ने नए स्व सहायता समूह को शामिल करने के लिए आ रही आईडी की समस्या को हल कराने के निर्देश दिए, उन्होंने लोकोस पोर्टल पर एंट्री बढ़ाने के लिए सभी ब्लॉक मैनेजर को निर्देशित किया। साथ ही बक्सवाहा बीएम की कार्यों में खराब प्रगति पर वेतन रोकने के भी निर्देश दिए। उन्होंने स्व सहायता समूहों के खाते खोलने के संबंध में नौगांव बिजावर के सीआईएफ डिसबर्समेंट हेतु निर्देशित किया। उन्होंने एलडीएम को निर्देश दिए की स्व सहायता समूह के बैंकों में पड़े खाते अनावश्यक रूप से रोकें नहीं और समूहों के लंबित पड़े आवेदनों को बैंकों से शीघ्र खुलवाएं। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि समस्या का निराकरण करें अन्यथा कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। साथ ही मुद्रा लोन के लंबित केसों की जानकारी लेते हुए एलडीएम को जल्द डिसबर्समेंट करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समूहों के लिए बैंक लिंकेज हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान को नवंबर अंत तक जारी रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ब्लॉक मैनेजर को सख्त निर्देश दिए कि प्रतिदिन लखपति दीदी की एक कहानी डीपीएम को प्रचार हेतु प्रेषित करें। साथ ही लखपति दीदी के लोकोस पोर्टल पर डाटा दर्ज कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कौशल उन्नयन एवं रोजगार में चिन्हित ट्रेड में दिए गए प्रशिक्षण की जानकारी ली और कहा कि सभी ब्लॉकों में चिन्हित ट्रेडों में प्रशिक्षण कराएं। कलेक्टर ने चिन्हित ट्रेड बंबू बर्तन, ब्यूटी पार्लर, मशरूम खेती, मधुमक्खी पालन आदि प्रशिक्षण में स्वयं शामिल होने की बात भी कही।



कलेक्टर ने प्रोड्यूसर ग्रुप और उनके गठन एवं बिजनेस प्लान के बारे में भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने चिन्हित दीदी कैफे के प्रस्ताव भी शीघ्र भेजने के निर्देश दिए और कहा कि अस्पतालों में भी जगह दीदी कैफे के लिए चिन्हित करें। कलेक्टर ने एक बगिया मां के नाम में किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए लवकुशनगर बीएम को टीएस बढ़ाने के निर्देश दिए और कहा कि इसके लिए महिलाएं या उनके परिवार के लोगों को ही चिन्हित करें। इसमें सभी ब्लॉक मैनेजर को निर्देशित किया कि इसमें किए गए पौधरोपण के कार्य गुणवत्तापूर्ण हो, आसपास फेंसिंग रहे एवं पानी की व्यवस्था सुनिश्चित रहे जिससे पौधों की उत्तरजीविता बनी रहे और कहा कि यदि उक्त व्यवस्था नहीं पाई जाती हैं तो इसके लिए संबंधित ब्लॉक मैनेजर जिम्मेदार होंगे।

**वि.ख में चिन्हित नवाचारों को जल्द शुरू कराने के निर्देश-** कलेक्टर ने विकासखंडों में शुरू किया जा रहे नवाचारों की जानकारी ली। जिसमें बक्सवाहा में वन उपज कलेक्शन लवकुश नगर में आटा एवं दलिया यूनिट निर्माण, गौरिहार में ऑर्गेनिक दाल, बेर कलेक्शन डेयरी एवं कठिया गेहूं का दलिया, बिजावर में खाद का जैविक क्लस्टर, बड़ामलहरा में डेयरी एवं मिल्क कलेक्शन पार्लर, राजनगर में पर्यटन हेतु पिंक ई-रिक्शा, नौगांव में जैविक सब्जी उत्पादन एवं छतरपुर में सब्जी उत्पादन एवं खौप में फूड प्रोसेसिंग यूनिट के कार्यों को जल्द शुरू कराने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री आज आयेंगे रीवा

**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा भोपाल से प्रस्थान कर 6 नवम्बर को प्रातः 8 बजे रीवा पहुंचेगे। श्री शुक्ल स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के उपरांत रात्रि विश्राम करेंगे। उप मुख्यमंत्री 7 नवम्बर को प्रातः 11 बजे अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कर्मचारी संघ द्वारा आयोजित नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम पंडित शंभूनाथ शुक्ल सभागार में आयोजित किया गया है। तदुपरांत शुक्ल दोपहर 2.30 बजे कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में अखिल भारतीय साहित्य परिषद के 17वें अधिवेशन के उद्घाटन सत्र में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री रात्रि विश्राम रीवा में करेंगे।

### जिले में निःशुल्क फाइब्रोस्कैन शिविरों का होगा आयोजन, आज से शुरू होंगे शिविर

**रीवा ।** जिले के नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य पहल के तहत अब लीवर संबंधी बीमारियों की निःशुल्क जाँच की सुविधा उनके घर के करीब उपलब्ध होगी। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल की विशेष पहल तथा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के मार्गदर्शन में जिले भर में चार दिवसीय निःशुल्क फाइब्रोस्कैन शिविर का आयोजन किया जा रहा है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि शिविर 6 नवम्बर से 9 नवम्बर तक जिले के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पताल में आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से आम जनता को लीवर की कठोरता और वसा की मात्रा की जाँच की अत्याधुनिक सुविधा निःशुल्क मिल सकेगी। यह चार दिवसीय शिविर 6 नवंबर को सीएचसी मऊगंज में नईगढ़ी, मऊगंज और हनुमना ब्लॉक के नागरिकों के लिए आयोजित होगा। 7 नवंबर को सीएचसी त्योंथर में त्योंथर और जवा ब्लॉक के नागरिक इसका लाभ उठा सकेंगे। इसके बाद 8 नवंबर को यह शिविर जिला अस्पताल रीवा में आयोजित किया जाएगा, जिसका लाभ रीवा नगर निगम क्षेत्र, रायपुर कर्चुलियान, गंगेव और गोविन्दगढ़ ब्लॉक के नागरिक ले सकते हैं। अंतिम शिविर 9 नवंबर को सीएचसी सिरमौर में सिरमौर और जवा ब्लॉक के लिए यह जाँच सुविधा उपलब्ध रहेगी। सीएमएचओ ने सभी संबंधित विकासखंडों के नागरिकों से अपील की है कि वे लीवर स्वास्थ्य की इस महत्वपूर्ण निःशुल्क जाँच सुविधा का अधिकतम लाभ उठाएं। इस पहल के तहत प्रत्येक संबंधित विकासखंड को जाँच के लिए न्यूनतम 25 व्यक्तियों को और अर्बन रीवा क्षेत्र से जिला अस्पताल में न्यूनतम 100 व्यक्तियों को सुनिश्चित करने का लक्ष्य दिया गया है।

### पीटीएस के 7 नव आरक्षकों की टॉप सुपर कॉप्स में जगह

**रीवा ।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ालय के साइबर अपराध समन्वय केंद्र के तहत अक्टूबर 2025 में राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी कड़ी में मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय की प्रशिक्षण शाखा ने 29 अक्टूबर को राज्य की सभी पुलिस प्रशिक्षण संस्थाओं के नवआरक्षकों के लिए राज्य स्तरीय ऑनलाइन साइबर अवेयरनेस क्विज प्रतियोगिता आयोजित की। इस प्रतियोगिता में पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा के 432 प्रशिक्षुओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष 25 प्रशिक्षुओं को साइबर सुपर कॉप्स के रूप में चयनित किया गया है। इन सभी को पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना प्रोत्साहन स्वरूप प्रत्येक को 2 हजार रुपए नकद इनाम प्रदान करें।इन आरक्षकों का हुआ चयनटॉप 25 सुपर कॉन्स में पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा के सात प्रशिक्षु नवआरक्षकों ने अपना स्थान बनाया है। इनमें रघुनंदन परमार ने प्रथम स्थान, अजय देवले ने द्वितीय, अंकित टेकाम ने पंचम चित्रांश कुमार भास्कर ने छता, शिवम सिंह ने 17वां, रविंद्र अहिरवार ने 21वां और विक्रम सोलंकी ने 22वां स्थान प्राप्त किया। सभी प्रशिक्षुओं ने 99 से 100 प्रतिशत अंकों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर डीजीपी कैलाश मकवाना, एडीजी प्रशिक्षण राजाबाबू सिंह तथा पीटीएस रीवा के पुलिस अधीक्षक सुरेंद कुमार जैन ने बधाई दी है।

### जिले में पीपीपी मॉडल पर फोकस

# शहर में 6651 नए पीएम आवास बनकर होंगे तैयार डीपीआर 40 हजार से अधिक जनसंख्या वाले शहरों में लागू होगी योजना

**रीवा ।**



एक बार फिर से शहर में प्रधान मंत्री आवस को लेकर आवेदन जमा कराए गऐ साथ ही कार्ययोजना भी तैयार कर ली गई है। जिसका प्रस्ताव तैयार कर सरकार के पास भेज दिया गया है। माना जा रहा है जल्द ही इसकी स्वीकृति मिल जाएगी। हालाकि इस बार पीएम आवास को पीपी मॉडल में निर्माण कराए जाने की योजना तैयार की गई है। इससे पहले सरकार ने ठेकेदारों के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानों का निर्माण कराया था। इसमें कुछ ठेकेदारों ने समय पर राशि का भुगतान नहीं होने का हवाला देते हुए काम में लेटलतीफी की है। यही वजह है कि चिरहुला क्षेत्र के साइट में मकानों का निर्माण लंबे समय से अधूरा पड़ा है। इसके लिए नए सिरे से तैयार की जाने वाली योजना पीपीपी मॉडल पर भी काम करने पर फोकस किया जाएगा। इसके तहत स्लम बस्तियों में ही मकान बनवाए जाने की तैयारी है। कुछ समय पहले ही निराला नगर की वर्षों पुरानी मलिन बस्ती को खाली कराया गया है। उस पर भी योजना बनाई जा रही है।पीएम आवास शहरी 2.0 कार्ययोजना तैयारपीएम आवास शहरी 2.0 के तहत अफोर्डेबल हाउसिंग इन पार्टनरशिप (एएचपी) के जरिए मलिन बस्तियों का उन्मूलन करते हुए आवासीय परियोजनाएं तैयार करने का निर्देश नगरीय प्रशासन ने जारी किया है। कहा गया है कि मलिन बस्तियों के स्व स्थान पुनर्विकास की परियोजनाएं तैयार की जाएं। इसके लिए स्थान चिह्नित करते हुए योजना का प्रारूप तैयार करना है पहले चरण में योजना को लेकर कई समस्याएं भी सामने आई थी। निर्देशित किया गया है कि कार्ययोजना तैयार करते समय पहले की समस्याओं को ध्यान में रखा जाए। इसमें रीवा शहर में 6651 नए मकान तैयार किए जाएंगे।40 हजार से अधिक जनसंख्या वाले शहरों में लागू होगी योजनाप्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 सभी शहरों में लागू नहीं होगी। इसके लिए प्राथमिकताएं तय की गई है। इसमें सभी नगर निगमों के साथ ही ऐसे शहर शामिल होंगे, जिनकी जनसं या 40 हजार से अधिक है। जिला मुख्यालयों के साथ ही पर्यटन और धार्मिक महत्व के शहर और इंडस्ट्रियल एरिया वाले शहरों को शामिल किया गया है।जल्द तैयार होगा डीपीआरबता दे की प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहरी क्षेत्र में मकान उपलब्ध कराने के लिए नए सिरे से कार्ययोजना तैयार की जाएगी। प्रदेशभर में सरकार ने ढाई लाख मकान बनाने की तैयारी शुरू की है। योजना के तहत प्रमुख नगरीय निकायों को डीपीआर तैयार करने का निर्देश दिया गया है। इसको लेकर नगर निगम रीवा ने भी काम तेज कर दिया है और माना जा रहा है कि जल्द ही डीपीआर तैयार कार इसमे आगे की प्रक्रिया को तेज किया जाएगा। खास बात यह है कि पीएम आवास की नई योजना के तहत प्रारूप तैयार किया जा रहा है। इसमें स्लम बस्तियों में री-डेवलपमेंट और री-लोकेशन के प्रोजेक्ट को प्राथमिकता दी जाएगी। शासन का निर्देश मिला है, जिस पर काम चल रहा है। जल्द ही रीवा से प्रस्ताव भेजा जाए ताकि मंजूरी भी जल्द मिले। आवास का टारगेटरीवा में 6651, सतना में 8943,सिंगरौली में 5083,मैहर में 502, सीधी में 450,मऊगंज में 219 चित्रकूट में 193 अमरकंटक में 100 है वही स्वीकृत आवास की पहले चरण की स्थिति 1736 पूर्ण आवास 1624 प्रगतिरत 112 अधिपत्य सौंपा 1485 अधिपत्य शेष 139 है।

## राष्ट्रीय वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर वर्ष भर होंगे कार्यक्रम

**रीवा ।**

राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम की 150वीं वर्षगांठ देश भर में 7 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक समारोह पूर्वक आयोजित की जायेगी। इस अवधि में वर्ष भर कार्यक्रमों का आयोजन किये जायेगा। वन्दे मातरम के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को दृष्टिगत रखते हुए प्रथम चरण में 7 नवंबर से 14 नवंबर तक वन्दे मातरम गायन को भव्य स्वरूप देने के लिए पुलिस बैंड, स्कूल, महाविद्यालय, विश्वविद्यालयों की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी। 8 नवंबर को ग्रामीण विकास विभाग द्वारा वन्दे मातरम का गायन ग्राम स्तर तक होगा। जबकि 10 नवम्बर को नगरीय क्षेत्रों में वन्दे मातरम गीत का गायन किया जायेगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी आयोजनों में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करते हुए कार्यक्रम गरिमापूर्ण ढंग से कराने के निर्देश दिये हैं।

## उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक विक्रय का सतत निरीक्षण करें - कमिश्नर रीवा

**रीवा**

रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने संभाग अन्तर्गत जिलों के कलेक्टर्स, एसडीएम व तहसीलदार को निर्देश दिये हैं कि डबल लॉक केन्द्रों, समितियों एवं थोक व निजी विक्रेताओं के यहां से उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक के विक्रय की सतत निगरानी रखें। उन्होंने उर्वरकों की समुचित वितरण व्यवस्था सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिये हैं ताकि किसानों को सुविधाजनक ढंग से खाद व अन्य कृषि आदान प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा है कि अधिकारियों की डूटी लगाकर वितरण व्यवस्था की सतत निगरानी कराई जाय तथा अनियमितता या अवैध भण्डारण पर आवश्यक कड़ी कार्यवाही की जाय।

## मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में किया जायेगा मतदाताओं का सत्यापन, बीएलओ को एन्यूमरेशन फार्म का किया गया वितरण



**रीवा ।** निर्वाचन आयोग भारत द्वारा म.प्र. में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी है। इस अभियान के अंतर्गत 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया जायेगा। इस अवधि में प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी मतदाताओं के निवास पर जाकर उनके नाम, पता. आयु एवं अन्य विवरणों का भौतिक सत्यापन करेंगे। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सभी नागरिकों से इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी एवं पूर्ण सहयोग का आग्रह किया गया है। उन्होंने प्री-प्रिंटेड एन्यूमरेशन फार्म का प्रतिदिवस ऐप में इंट्री किये जाने के निर्देश दिये हैं। उल्लेखनीय है कि बीएलओ के पास पहले से मतदाता सूची 2025 के विवरण के अनुसार नाम, पता और बीपीआईसी नंबर सहित प्री-प्रिंटेड एन्यूमरेशन फॉर्म होगा। नागरिकों से अपेक्षा की गयी है कि वे इस फॉर्म में भरी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक जाँचे तथा पुष्टि करें। जिन परिवारों में कोई नया सदस्य एक जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका है. उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए बीएलओ द्वारा फॉर्म-6 उपलब्ध कराया जाएगा। यदि किसी परिवार सदस्य का निधन हो गया हो या वह अन्यत्र स्थानांतरित हो गया हो, तो उसकी जानकारी भी बीएलओ को दें ताकि सूची से नाम विलोपित किया जा सके। घर-घर सर्वेक्षण के दौरान बीएलओ कोई भी दस्तावेज़ एकत्र नहीं करेगा। दस्तावेज़ केवल तभी आवश्यक होंगे जब किसी प्रविष्टि का सत्यापन पूर्ववर्ती रिकॉर्ड से मेल न खाए। ऐसी स्थिति में संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्री अधिकारी अलग से सूचना देकर आवश्यक दस्तावेज़ माँगेगा। बीएलओ आयोग द्वारा अधिकृत पहचान-पत्र लेकर आएँगे, अतः नागरिक उनसे पहचान-पत्र देखकर जानकारी साझा करें। जिले में बीएलओ को एसआईआर के तहत प्रशिक्षण देकर एन्यूमरेशन फार्म का वितरण किया गया।घर-घर सत्यापन के बाद 9 दिसम्बर 2025 को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। नागरिक 9 दिसम्बर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक अपने नाम संबंधी दावा या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा। कलेक्टर ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि जब बीएलओ आपके घर पहुँचे, तो सटीक एवं अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराएँ। यह अभियान मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता और समावेशिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। नागरिकों के सहयोग से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में सम्मिलित हो तथा कोई अपात्र प्रविष्टि मतदाता सूची में न रहे।

## असामयिक वर्षा से हुई फसल क्षति का खेतों में जाकर निरीक्षण दल द्वारा किया जा रहा है सर्वे





**रीवा ।**

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने विगत दिनों जिले में हुई असामयिक वर्षा से फसलों की अनुमनित क्षति का खेतों में जाकर सर्वे करने के निर्देश दिये थे। कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व, कृषि, उद्यानिकी एवं पंचायत व ग्रामीण विकास विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों के संयुक्त दलों द्वारा खेतों में जाकर फसल क्षति का आकलन किया जा रहा है। तहसील हुजूर के ग्राम कुचूर, पैपखरा 385, त्योंथर तहसील के देवरा, गोदखुर्द, रिसदा, फूलदेउर, जवा के जोन्हा एवं कोटा तथा गुढ़ के भीटा सहित सिरमौर, रायपुर कर्चुलियान सहित सभी तहसीलों में निरीक्षण दलों द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं प्रभावित किसानों की उपस्थिति में फसल क्षति का आकलन किया जा रहा है। कलेक्टर ने निर्देश दिये हैं कि फसल क्षति का आकलन कर रिर्पोट समयावधि में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि प्रभावितों को मदद के संबंध में कार्यवाही सुनिश्चित करायी जा सके।

## नशे का गढ़ बन चुके कबाड़ी मोहल्ले में पुलिस ने लगवाए चार सीसीटीवी, नशा तस्करों पर तीसरी आंख का पहरा



**रीवा । शहर में नशे का सबसे बड़ा गढ़ बन चुके कबाड़ी मोहल्ले में कारोबारियों की कमर तोड़ने के लिए पुलिस तीसरी आंख से पहरा देगी। यहां पर तस्करों पर निगरानी रखकर पुलिस कारोबार में अंकुश लगाने का प्रयास करेगी।**

आज की तारीख में शहर का कबाड़ी मोहल्ला नशे की सबसे बड़ी मंडी है। यहां थोक में नशीली सिरप की खेप आती है जिसको फिर पूरे शहर में सप्लाई किया जाता है।बड़ी संख्या में महिलाएं भी यहां पर नशीली सिरप बिक्री का कारोबार करती हैं। मोहल्ले में नशा कारोबारियों के नेटवर्क को तोड़ने के लिए चार सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं। इन कैमरों से पुलिस मोहल्ले में आने वाली नशीली सिरप की खेप और कारोबारियों पर नजर रखेगी और तस्करों की गतिविधियां मिलने पर तत्काल उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कबाड़ी मोहल्ले से अभी तक सिटी कोतवाली पुलिस 15 से अधिक महिलाओं को नशा कारोबार में गिरफ्तार कर चुकी है। इसके बाद भी यहां पर नशे का कारोबार फल-फूल रहा है। इसीलिए अब पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए है। रात में तस्करी की संभावना काफी ज्यादा रहती है, जिस पर पुलिस कैमरे से नजर रखेगी। सीएसपी राजीव पाठक ने कहा कि कबाड़ी मोहल्ले में चार कैमरे लगवाए गए है, जिनसे यहां नशा कारोबारियों पर नजर रखी जाएगी।

## ऑपरेशन प्रहार 2.0 में अमहिया पुलिस की कार्यवाही

**अवैध नशीली कफ सिरप की बिक्री करने वाले कुख्यात आरोपी को नशीली कफ सिरप सहित किया गिरफ्तार**

**रीवा**



पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत, पुलिस अधीक्षक रीवा शैलेन्द्र सिंह ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह,CSP रितु उपाध्याय के मार्गदर्शन में थाना अमहिया पुलिस ने अवैध नशीली कफ सिरप की बिक्री करने वाले कुख्यात आरोपी को नशीली कफ सिरप सहित किया गिरफ्तार,हत्या का प्रयास सहित कई मामलों में रहा है संलिप्त, 10 वर्ष की सजा के बीच जमानत पर आकर कर रहा था। मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की सिरमौर चौराहा आडिटोरियम के सामने ओवर ब्रिज के नीचे एक व्यक्ति जो हरे रंग की चौकड़ीदार शर्ट एवं नीले रंग का जींस का पैंट पहने है हल्की दाढी रखे है जिसकी उम्र करीबन 25 से 30 वर्ष के बीच की है वह व्यक्ति अपने हाथ में पीले रंग के झोला में नशीली कफ सिरप लिये हुये बिक्री हेतु ग्राहक तलाश रहा है जिस पर मुखबिर सूचना की तस्दीक एवं कार्यवाही स्टाफ एवं गवाहों के साथ मौके से पहुंचकर की गई जो मुखबिर के बताए हुलिया का व्यक्ति अपने हाथ में पीले रंग के झोला लिए हुए दिखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा जाकर नाम पता पूछा गया जो अपना-अपना नाम आशुतोष कुमार तिवारी उर्फ अतुल पिता भैयालाल तिवारी उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम मझिगंवा पटखन टोला थाना बैकुंठपुर जिला रीवा को नशीली कफ सिरप सहित पड़कर आरोपी के कब्जे से नशीली कफ सिरप जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त कार्यवाही मे उनि शिवा अग्रवाल स उ नि संतोष पांडे,प्र.आर. अरुणकांत द्विवेदी, आर. विकाश तिवारी, आर. विवेक सिंह, आर. दिवाकर तिवारी , आर. कौशलेंद्र सिंह, आर.श्याम , अनुज, रामलाल की सराहनीय भूमिका रही।

### घर-घर जाकर होगा सत्यापन-कलेक्टर

# मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण शुरू



**मऊगंज।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की शुरुआत हो चुकी है। इस अभियान के तहत 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर 2025 तक जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाता सूची का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। इसके लिए नियुक्त बूथ लेवल अधिकारी (BLO) हर घर पहुँचकर मतदाताओं का नाम, पता, आयु और अन्य आवश्यक विवरणों की पुष्टि करेंगे।कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे सत्यापन प्रक्रिया में पूरा सहयोग दें। उन्होंने सभी बीएलओ को निर्देश दिए हैं कि उन्हें दिए गए प्री-प्रिंटेड एन्यूमरेशन फॉर्म में दर्ज जानकारी की प्रतिदिन ऐप में एंट्री सुनिश्चित की जाए। इस वर्ष बीएलओ को पहले से तैयार प्री-प्रिंटेड फार्म दिए गए हैं, जिनमें मतदाता सूची 2025 के अनुसार मतदाताओं का नाम, पता और BPIC नंबर अंकित है। नागरिकों से अपेक्षा है कि वे फॉर्म में लिखी जानकारी को ध्यान से जांचें और सही जानकारी बीएलओ को दें। यदि किसी परिवार में कोई नया सदस्य 01 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष का पूरा कर चुका है, तो उसका नाम जोड़ने के लिए बीएलओ फॉर्म-6 उपलब्ध कराएंगे। वहीं, यदि परिवार में किसी सदस्य का निधन हो गया हो या वह किसी दूसरे स्थान पर स्थानांतरित हो गया हो, तो उसकी जानकारी देने पर उसका नाम मतदाता सूची से हटाया जा सकेगा। महत्वपूर्ण बात यह है कि घर-घर सत्यापन के दौरान बीएलओ कोई दस्तावेज़ एकत्र नहीं करेंगे। केवल तभी दस्तावेज़ मांगे जाएंगे, जब जानकारी पूर्व रिकॉर्ड से मेल न खाए। ऐसी स्थिति में संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्री अधिकारी अलग से सूचना देकर आवश्यक दस्तावेज़ प्रस्तुत करने को कहेंगे। बीएलओ आयोग द्वारा अधिकृत पहचान-पत्र के साथ घर-घर पहुंचेंगे, इसलिए नागरिक जानकारी देने से पहले उनकी पहचान अवश्य जांचें। अभियान के बाद 09 दिसम्बर 2025 को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। इसके बाद नागरिक 09 दिसम्बर 2025 से 08 जनवरी 2026 तक अपने नाम से संबंधित दावा और आपत्ति दर्ज करा सकेंगे। अंतिम मतदाता सूची 07 फरवरी 2026 को जारी की जाएगी। कलेक्टर जैन का कहना है कि यह अभियान मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता और समावेशिता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा नागरिकों के सहयोग से यह सुनिश्चित होगा कि हर पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल हो और कोई भी अपात्र प्रविष्टि सूची में न रहे।"

## वंदेमातरम की 150वीं वर्षगांठ पर वर्षभर विशेष कार्यक्रम



**मऊगंज।** राष्ट्रीय गीत "वन्दे मातरम" के 150 वर्ष पूर्ण होने पर देशभर में एक वर्ष तक विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। यह राष्ट्रीय गौरव का अवसर 7 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक चलेगा। इस दौरान देश के प्रत्येक जिले, प्रत्येक शहर और गाँव में ऐसे कार्यक्रम होंगे, जो स्वतंत्रता आंदोलन में वन्दे मातरम के योगदान और इसकी आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक ऊर्जा को जन-जन तक पहुँचाएँगे। कार्यक्रम की शुरुआत 7 नवंबर को भव्य वन्दे मातरम गायन से होगी। इस आयोजन को यादगार बनाने के लिए पुलिस बैंड, स्कूल, महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालयों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। हर संस्थान में एक साथ स्वरबद्ध वन्दे मातरम गूँजेगा। 8 नवंबर को ग्रामीण विकास विभाग ग्राम पंचायत स्तर तक वन्दे मातरम का गायन आयोजित करेगा, ताकि यह राष्ट्रीय भावना गाँव के प्रत्येक घर तक पहुँचे। इसके बाद 10 नवंबर को नगरीय क्षेत्रों में सामूहिक वन्दे मातरम गायन होगा, जिसमें नागरिक संगठनों, व्यापारी संगठनों, सामाजिक संस्थाओं और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रहेगी। कलेक्टर संजय कुमार जैन ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि हर कार्यक्रम गरिमापूर्ण, सुव्यवस्थित और सहभागिता-प्रधान हो। उन्होंने कहा कि सभी आयोजनों में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए ताकि इस ऐतिहासिक वर्षगांठ को मिलकर एक बड़े उत्सव में बदला जा सके। देशभक्ति, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रीय एकता का यह वर्ष, वन्दे मातरम की उस आवाज़ को फिर से जीवंत करेगा जिसने कभी स्वतंत्रता संग्राम को दिशा दी थी।